● **सुनो, पढ़ो और गाओ :**

७. कुछ पाकर देख

-बुद्धिनाथ मिश्र

जन्म : १ मई १९४९, देवघा, समस्तीपुर (बिहार) । **रचनाएँ :** जाल फेंक रे मछेरे, शिखरिणी, जाड़े में पहाड़, नवगीत दशक आदि ।
परिचय : बुद्धिनाथ मिश्र जी को अनेक सम्मान-पुरस्कार प्राप्त हुए हैं । वे गीतकार, लेखक तथा काव्य के प्रमुख हस्ताक्षर हैं ।
प्रस्तुत कविता में कवि ने कुछ खोने-पाने, सपनों को सुलटाने, मन के दिए जलाकर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया है ।

स्वयं अध्ययन

निम्नलिखित शब्दों से संबंधित सुनी हुई कोई कविता सुनाओ :
जैसे- चाँद, लड़की, घर, दिया ।

कुछ खोकर, कुछ पाकर देख ।
दुनिया नई बसाकर देख ।
मौसम कदमों पर होगा
गैरों को अपनाकर देख ।
काँटे खुलकर हँस देंगे
बहलाकर, सहलाकर देख ।
मैं भी कितना हूँ तनहा
यह तू मुझमें आकर देख ।
लड़की लाड़ली लड़की है
चाँद-सितारे लाकर देख ।
सपने ही तो साथी हैं
सपनों को सुलटाकर देख ।
सारा जंगल जिंदा है
तू बादल बरसाकर देख ।
लौट के बिछड़े आएँगे
घर की राह सजाकर देख ।
'नाथ' अँधेरे को मत कोस
मन का दिया जलाकर देख ।

❑ उचित हाव-भाव, लय-ताल के साथ कविता सुनाएँ । विद्यार्थियों से कविता का व्यक्तिगत, सामूहिक, गुट में गायन करवाएँ । प्रश्नोत्तर के माध्यम से कविता के भाव स्पष्ट करें । कविता की कौन-सी पंक्ति उन्हें अच्छी लगी, पूछें एवं कारण बताने हेतु प्रेरित करें ।

मैंने समझा

शब्द वाटिका

नए शब्द

गैर = पराये

तनहा = अकेला

कोसना = भला-बुरा कहना

खोजबीन

चाँद पर पहुँचने वाले प्रथम अंतरिक्ष यात्री का यात्रावर्णन ढूँढ़ो और सुनाओ ।

अध्ययन कौशल

विद्यालय के पाँचवीं से आठवीं कक्षाओं के छात्र और छात्राओं की संख्या संयुक्त स्तंभालेख द्वारा दर्शाओ।

गणित सातवीं कक्षा पृ. ५१-५२

बताओ तो सही

'स्वंय को बदलो, समाज बदलेगा', इस विषय पर चर्चा करो और बताओ ।

*** कविता की पंक्तियों का अर्थ लिखो :**

(क) सारा जंगल ---------- -------- --------- सजाकर देख ।

(ख) मौसम ---------- -------- --------- सहलाकर देख ।

भाषा की ओर

दाएँ पंख में उपसर्ग तथा बाएँ पंख में प्रत्यय लगाकर शब्द लिखो तथा उनके वाक्य बनाओ :



मैं प्रतिदिन खेलता हूँ । ----------

दिनभर नहीं खेलना चाहिए । ----------



अभ्यास –१

* चित्र देखकर संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया आदि के भेदों के आधार पर वाक्य बनाओ और तालिका में शब्द लिखो :

संज्ञा शब्द	सर्वनाम शब्द	विशेषण शब्द	क्रिया शब्द

पुनरावर्तन – १

१. शब्दों की अंत्याक्षरी खेलो: जैसे– शृंखला ..... लालित्य ..... यकृत ..... तरुवर ..... रम्य ..... ।

२. निम्न प्रकार से मात्रा एवं चिह्न वाले अन्य शब्द बताओ :

काला	बुलबुल	कृपाण	केले	प्रातः
रूमाल	नूपुर	खपरैल	खरगोश	लीची
चौदह	हृदय	चौकोर	पतंग	कुआँ
चिड़िया	पैसे	तितली	संख्याएँ	डॉक्टर

३. पूरी वर्णमाला क्रम से पढ़ो :

क्ष श य प त ट च क ए अ ऋ ष र फ

थ ठ छ ख ऐ आ ज्ञ स ल ब घ ढ़ ई ऋ

द ड ज ग ओ इ श्र ह व भ ध ढ झ ऑ

ळ म न ण त्र ङ अं उ ड़ अः ऊ अँ औ

४. अपने विद्यालय में आयोजित अंतरशालेय चित्रकला प्रदर्शनी का विज्ञापन बनाकर लिखो ।

उपक्रम

प्रतिदिन श्यामपट्ट पर सुंदर एवं सुडौल अक्षरों में हिंदी सुविचार लिखो ।

उपक्रम

प्रतिसप्ताह समाचारपत्र के मुख्य समाचारों का लिप्यंतरण करो और पढ़ो ।

उपक्रम

प्रतिमाह अपनी मातृभाषा के पाँच वाक्यों का हिंदी में अनुवाद करो और सुनाओ ।

प्रकल्प

अपने पसंदीदा विषय पर आधारित व्यक्तिगत अथवा गुट में प्रकल्प तैयार करो ।